दैनिक भास्कर 21/03/2023

# वारंट अफसर ने छात्रों को अग्निवीर वायु के बारे में बताया



अम्बाला | कैंट के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त की अध्यक्षता तथा प्लेसमेंट कमेटी की संयोजक डॉ. अनुपमा सिहाग के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ। जिसमें कैंट एयरमैन सेलेक्शन के पदाधिकारी वारंट अफसर सुभाष साहू और कॉर्पोरल परवेज ने 104 विद्यार्थियों को अग्निवीर वायु योजना में चयन के बारे में बताया। प्राचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है कि शिक्षा ग्रहण करते हुए भी विद्यार्थी किसी संस्था में कार्यरत हो जाएं। डॉ. अनुपमा सिहाग ने कहा कि यह विद्यार्थियों की अपनी कुशलता और क्षमता है जिसके माध्यम से उनका चयन होता है। मौके पर डॉ. रवनीत कौर, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. रवनीत कौर, प्रो. अमनीश व टीपीओ श्याम उपस्थित रहे।